प्रस्ताव

# 18 17 वर्ष की आयु के व्यक्तियों को उस स्थिति में प्राथमिक और विशेष चुनाव में मतदान करने की अनुमति देने के लिए कैलिफोर्निया के संविधान में संशोधन करता है अगर वे अगले आम चुनाव तक 18 वर्ष के हो जाएंगे और मतदान करने के लिए अन्यथा योग्य होंगे। विधायी संवैधानिक संशोधन।

**आधिकारिक शीर्षक और सारांश** महान्यायवादी द्वारा तैयार किया गया

**इस उपाय के टेक्स्ट को राज्य सचिव की वेबसाइट *voterguide.sos.ca.gov* पर देखा जा सकता है।**

- कैलिफोर्निया का संविधान वर्तमान में ऐसे व्यक्तियों को मतदान करने की अनुमति देता है जो उस चुनाव में मतदान करने के लिए चुनाव की तारीख को कम से कम 18 वर्ष के हो जाते हैं।
- 17 वर्ष की आयु के ऐसे व्यक्तियों को, जो अगले आम चुनाव तक कम से कम 18 वर्ष के हो जाएंगे और मतदान करने के लिए अन्यथा योग्य होंगे, को अगले आम चुनाव से पहले होने वाले किसी भी प्राथमिक या विशेष चुनाव में मतदान करने की अनुमति देने के लिए संविधान में संशोधन करता है।

18

**राज्य और स्थानीय सरकार पर पड़ने वाले शुद्ध राजकोषीय प्रभाव का विधायी विश्लेषक के अनुमान का सारांश:**

- 17 वर्ष की आयु के योग्य पंजीकृत व्यक्तियों को मतदान सामग्री भेजने और संसाधित करने के लिए काउंटियों के लिए लागतों में प्रत्येक दो वर्ष पर सैंकड़ों हज़ारों डॉलरों और $1 मिलियन के बीच बढ़ने की संभावना है।
- मौजूदा मतदाता पंजीकरण प्रणालियों को अपडेट करने के लिए राज्य के लिए सैंकड़ों हज़ारों डॉलरों की बढ़ी हुई एकबारगी लागतें।

ACA 4 (प्रस्ताव 18) पर विधान मंडल द्वारा दिए गए अंतिम मत
(प्रस्ताव अध्याय 30, 2020 के कानून)

| | | |
|---|---|---|
| सीनेटः | समर्थक 31 | समर्थन न करने वाले 7 |
| एसेंबली: | समर्थक 56 | समर्थन न करने वाले 13 |

**विधायी विश्लेषक द्वारा विश्लेषण**

## पृष्ठभूमि

***California में चुनाव।*** सम-संख्या वाले वर्षों में, California में दो राज्यव्यापी चुनाव होते हैं—प्राथमिक और सामान्य चुनाव। इनमें से प्रत्येक चुनाव में मतदाता (1) राज्य और संघीय कार्यालयों के उम्मीदवारों को या तो नामांकित करते हैं या चुनाव करते हैं और (2) राज्यव्यापी मतदान उपायों पर विचार करते हैं। प्राथमिक चुनाव में, जो वसंत ऋतु में होते है, मतदाता निर्धारित करते हैं कि कौन से उम्मीदवार आम चुनाव में निर्वाचक कार्यालय के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे। नवंबर में आम चुनाव में मतदाता निर्धारित करते हैं कि कौन निर्वाचक कार्यालय जीतता है। राज्यव्यापी मतदान उपायों पर प्राथमिक और सामान्य चुनाव दोनों में विचार किया जा सकता है। इस दो साल के चक्र के बाहर, राज्यपाल राज्य के निर्वाचक कार्यालयों में या अमेरिकी प्रतिनिधि सदन में रिक्तियों की पूर्ति हेतु विशेष चुनाव करवा सकते हैं। राज्य चुनावों के अलावा, स्थानीय सरकारें मतदाताओं के लिए स्थानीय कार्यालय धारकों का चुनाव करने और स्थानीय मतदान उपायों पर विचार करने के लिए चुनाव करती हैं। आमतौर पर, स्थानीय चुनाव राज्य के चुनाव के समय ही होते हैं।

***California में चुनाव प्रबंधन।*** काउंटी चुनाव अधिकारी California में अधिकांश चुनावों का संचालन करते है। इस काम के हिस्से के रूप में, ये अधिकारी पंजीकृत मतदाताओं की सूचियाँ बनाते हैं और पंजीकृत मतदाताओं को मतदान सामग्री प्रदान करते हैं, जैसे मतपत्र और अन्य मतदाता जानकारी। कुछ राज्य एजेंसियों के पास मतदान से संबंधित ज़िम्मेदारियाँ भी हैं। उदाहरण के लिए, राज्य सचिव चुनावों का प्रबंधन देखते हैं, जिसमें मतदाता पंजीकरण कार्ड प्रदान करना और इलेक्ट्रॉनिक मतदाता पंजीकरण प्रणाली का संचालन करना शामिल है।

***California में मतदान का अधिकार।*** कोई व्यक्ति सामान्यतः California में पंजीकरण कर सकता है और मतदान कर सकता है यदि वह व्यक्ति अमेरिकी नागरिक है जो कम से कम 18 वर्षका है और राज्य का निवासी है। राज्य कानून कुछ लोगों को मतदान करने से रोकता है, जिनमें वे भी शामिल हैं जो जेल में हैं या पैरोल पर हैं। (वर्तमान कानून के तहत, जो लोग मतदान करने के लिए पंजीकृत हैं, वे निर्वाचक पदों के लिए चुनाव में खड़े हो सकते हैं, जब तक कि वे अन्य सभी मौजूदा योग्यता आवश्यकताओं को पूरा करते हैं।)

***California में मतदान के लिए पूर्व-पंजीकरण*** व्यक्ति आम तौर पर California में मतदान करने के लिए पूर्व पंजीकरण कर सकता है यदि वह व्यक्ति संयुक्त राज्य अमेरिका का नागरिक है और उसकी उम्र 16 या 17 वर्ष है। (राज्य कानून में कुछ लोगों को मतदान करने के लिए पूर्व-पंजीकरण के लिए जो लोग जेल में हैं या पैरोल पर हैं, उनको शामिल करने पर प्रतिबंध है।) जब कोई व्यक्ति मतदान करने के लिए पहले से पंजीकृत होता है, तो 18 वर्ष की आयु का होने पर वे स्वचालित रूप से मतदान करने के लिए पंजीकृत हो जाते हैं। 29 जून, 2020 तक, California में मतदान करने के लिए 17 वर्षीय करीब 108,000 लोग पूर्व-पंजीकृत हैं।

## प्रस्ताव

***17 साल के कुछ नागरिकों को मतदान करने की अनुमति देता है।*** यह उपाय योग्य 17 वर्षीय नागरिकों को मतदान करने की अनुमति देगा, जो मतदान के लिए अगले आम चुनाव की नवंबर की तारीख तक 18 वर्ष के हो जाएंगे। इसका मतलब यह है कि ये 17-वर्षीय नागरिक किसी विशेष चुनाव या प्राथमिक चुनाव में मतदान कर सकते हैं जो अगले सामान्य चुनाव से पूर्व होता है। (क्योंकि वर्तमान राज्य कानून पंजीकृत मतदाताओं को निर्वाचक पदों के लिए चुनाव में खड़े होने की अनुमति देता है, इस उपाय के परिणामस्वरूप 17 साल के नागरिक जो अगले आम चुनाव में 18 साल के हो जाएंगे, वे भी ऐसा कर पाएंगे जबकि वे निर्वाचक पद के लिए अन्यथा सभी मौजूदा योग्यता आवश्यकताओं को पूरा करते हैं।)

## वित्तीय प्रभाव

***काउंटी चुनाव अधिकारियों के लिए न्यूनतम लागत।*** इस उपाय से प्राथमिक और विशेष चुनावों में मतदान करने के योग्य लोगों की संख्या में वृद्धि होगी। इससे काउंटी चुनाव अधिकारियों का कार्यभार बढ़ेगा। चुनाव अधिकारी योग्य पंजीकृत 17-वर्षीय लोगों को आम चुनाव से पहले किसी प्राथमिक और किसी विशेष चुनाव में मतदान सामग्री भेजेंगे। इस बढ़े हुए कार्य की लागत योग्य 17-वर्ष के लोगों की संख्या पर निर्भर करेगी जो प्राथमिक और विशेष चुनावों से पहले मतदान करने के लिए पंजीकरण करते हैं। इस बढ़े हुए काम से प्रत्येक दो साल के चुनाव चक्र में **राज्यव्यापी काउंटी लागतें कई लाख डॉलर और $1 मिलियन के मध्य हो सकती है।**

***न्यूनतम एकबारगी राज्य लागतें।*** यह उपाय राज्य की मौजूदा मतदाता पंजीकरण प्रणाली को अपडेट करने के लिए एक बार का काम होगा। **इस काम के लिए एकबारगी राज्य लागतें लाखों डॉलर होंगी।** यह वर्तमान राज्य सामान्य निधि खर्च के 1 प्रतिशत से भी कम है।

**प्रमुख रूप से इस उपाय का समर्थन या विरोध करने के लिए बनाई गई समितियों की सूची के लिए *http://cal-access.sos.ca.gov/campaign/measures/* पर जाएं।**

**समिति के शीर्षस्थ 10 योगदानकर्ताओं तक पहुंचने के लिए *http://www.fppc.ca.gov/transparency/top-contributors.html* पर जाएं।**

**यदि आप इस राज्य के उपाय के संपूर्ण टेक्स्ट की एक प्रतिलिपि प्राप्त करने के इच्छुक हैं, तो कृपया राज्य सचिव को (888) 345-2692 पर कॉल करें या आप *vigfeedback@sos.ca.gov* पर ईमेल भेज सकते हैं और आपको एक प्रतिलिपि नि:शुल्क डाक द्वारा भेज दी जाएगी।**